दूरभाष व फैक्स : (01342) 260434
ई–मेल :– robijnaur@uppcb.com

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, बिजनौर
108 / 11 आवास विकास कालोनी, बिजनौर –246701

सन्दर्भ सं0 : 1448/M-3/जनरल दिनांक : 17-1-2017

सेवा में,
परियोजना प्रबन्धक यूनिट–18
कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज,
उ0प्र0 जल निगम,
डी–20, टी0डी0आई0 सिटी, सी0एल0गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के पीछे,
रामगंगा विहार, मुरादाबाद।

विषय–प्रदूषण एवं नियन्त्रण बोर्ड से आपत्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्या–2789 / कार्य–45 / 49 दिनांक–31.12.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से आप द्वारा बरसाती नाले के निर्माण के सम्बन्ध में इस कार्यालय से आपत्ति चाही गयी है। उक्त परिप्रेक्ष्य में इस कार्यालय द्वारा जांच की गयी। जांचोपरान्त निम्नलिखित शर्तो के अधीन अमरोहा शहर के बरसाती जल को बान नदी तक पहुंचाने के लिए प्रस्तावित नाले के निर्माण हेतु अनापत्ति दी जाती है :–

1. उक्त नाले का प्रयोग केवल बरसाती जल के प्रवाह हेतु प्रयोग किया जाएगा।
2. प्रस्तावित नाले का प्रयोग मल–जल तथा आद्योगिक उत्प्रवाह के निस्तारण हेतु प्रयोग नहीं किया जाएगा।
3. नाला निर्माण से इस क्षेत्र में कोई पर्यावरणीय कुप्रभाव नहीं पड़ना चाहिए तथा जल निकासी से बान नदी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

भवदीय,

(विवेक राय)
क्षेत्रीय अधिकारी

प्रतिलिपि–
1. जिलाधिकारी महोदय, अमरोहा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अमरोहा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

क्षेत्रीय अधिकारी

अमरोहा वन प्रभाग
पंजीयन स0 04
फाईल स0 14-3
दिनाक 27/01/17

प्रभागीय वनाधिकारी
अमरोहा वन प्रभाग
अमरोहा

Email ID-pm18cds@gmail.com
Phone & Fax No.-0591-2451057

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, यूनिट–18,
कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज,
उत्तर प्रदेश जल निगम
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)
डी–20, टी0डी0आई0 सिटी, सी0एल0गुप्ता वर्ल्ड स्कूल के पीछे,
रामगंगा विहार, मुरादाबाद।

पत्रांक 2789 / कार्य–45 / 49 दिनांक : 31/12/2016

सेवा में,

क्षेत्रीय प्रदूषण नियन्त्रण अधिकारी,
प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड,
बिजनौर (बिजनौर/अमरोहा)।

D.Fo

जिलाधिकारी
अमरोहा

R/C

विषय :– **प्रदूषण एवं नियन्त्रण बोर्ड से आपत्ति के सम्बन्ध में।**

सन्दर्भ :– मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ का पृष्ठाकिंत पत्रांक–279/अमरोहा।

महोदय,

कृपया कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, वन (संरक्षण), उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक 279/अमरोहा/18622/2016/यूपी–108, दिनांक 08.08.2016 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त सन्दर्भित पत्र की आपत्ति सं0–7 जिसमें उ0प्र0 प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है, का उल्लेख किया गया है इसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रस्तावित बरसाती नाले को बान नदी में डिस्पोजल किया जाना है। वर्तमान में यह बरसाती नदी अपना अस्तित्व खो चुकी है। जहॉ वर्षों पूर्व कभी नदी बहती थी अब वहॉ पर किसानों द्वारा फसल उगाकर खेती की जा रही है। वर्तमान में नदी का कोई स्वरुप नहीं है। अतः प्रदूषण सम्बन्धी कोई समस्या उत्पन्न होने की सम्भावना नहीं है।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से जांच कराकर प्रमाण–पत्र निर्गत करने का कष्ट करें ताकि उक्त आपत्ति सं0–7 का निराकरण हो सकें एवं नाले की स्वीकृति वन विभाग से प्राप्त हो सकें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(एम0एम0 सिद्दीकी)
परियोजना प्रबन्धक

पृ0सं0 तथा दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, अमरोहा की सेवा में।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, अमरोहा।
3. श्री जी0 सिंह, वरिष्ठ स्थानिक अभियन्ता।

परियोजना प्रबन्धक

परियोजना प्रबन्धक
यूनिट–18 कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज
उ0प्र0 जल निगम, मुरादाबाद।

8 (4)/E.R.K
19/1/2017